वृन्दावन के बांके बिहारी हम दर तेरे आये है लिरिक्स

वृन्दावन के बांके बिहारी,
हम दर तेरे आये है,
मुझे रख लो सेवादार,
सांवरे आस लगाए है।bd।

तेरे चरणों की छाया से,
दूर न करना मुझको,
जन्म जन्म तेरी सेवा करूँ मैं,
ऐसा वर दो मुझको,
खुशियां मिलती इस दर से,
झोली फैलाये है,
मुझे रख लो सेवादार,
सांवरे आस लगाए है।bd।

हर पल तेरा नाम पुकारूँ,
निष दिन तुम्हे ध्याऊँ,
तेरी सेवा काम ना दूजा,
तेरे भजन मैं गाऊं,
तेरी रेहमत हो जाए,
यही आस लगाए है,
मुझे रख लो सेवादार,
सांवरे आस लगाए है।bd।

धन्य हो गए ठाकुर जी हम,
पा के प्यार तुम्हारा,
सिर पर हाथ सदा ही रखना,
ये उपकार तुम्हारा,
'शर्मा' लिखता भजन तुम्हारे,
जिंदगी ये गुज़ारे है,
मुझे रख लो सेवादार,
सांवरे आस लगाए है।bd।

वृन्दावन के बांके बिहारी,
हम दर तेरे आये है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझे रख लो सेवादार,
सांवरे आस लगाए है।bd।

Singer – Haridasi Poonam Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com